# विकास के गड्ढों में 'दम' तोड़ता सतना का व्यापार, अपनों की सरकार फिर भी जनता बेहाल

### महापौर-कमिश्नर की चिट्ठी-पत्री के खेल में पिसी जनता; चेंबर चुनाव की राजनीति का लगा आरोप, जन प्रतिनिधियों की बेरुखी से फूटा गुस्सा

सतना।

स्मार्ट सिटी बनने की राह पर अग्रसर सतना शहर की लाइफलाइन (मुख्य बाजार) इस समय बदहाली के आंसू रो रही है। महीनों से खुदी पड़ी सड़कें और उससे उड़ती धूल अब न सिर्फ आम राहगीरों के लिए मुसीबत बन चुकी है,बल्कि व्यापारियों के धंधे को भी चौपट कर चुकी है।आलम यह है कि शहर की सत्ता और संगठन में एक ही दल (भाजपा) का कब्जा होने के बाद भी जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। लोग पूछ रहे हैं कि आखिर उनका कसूर क्या है? क्या सिर्फ टैक्स देना और वोट देना ही उनकी नियति है।

### चेंबर अध्यक्ष से लेकर विधायक तक धरने पर फिर भी प्रशासन मौन

बाजार की इस दुर्दशा के खिलाफ आक्रोश अब सड़कों पर आ गया है। हनुमान चौक से लेकर विजय स्तंभ तक विरोध की आग सुलग रही है।

### गड्ढों में अनूठा प्रदर्शनः

बीते दिनों युवा नेताओं और स्थानीय व्यापारियों ने विजय स्तंभ चौक पर सड़क के बीच बने गहरे गड्ढों में बैठकर अनोखा प्रदर्शन किया।



### चेंबर ऑफ कॉमर्स भी मैदान में

विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ने भी व्यापारियों के हित में बाजार में धरना देकर प्रशासन को चेतावनी दी। मामला यहीं नहीं रुका,जनता की बढ़ती नाराजगी को देखते हुए स्थानीय विधायक भी धरने पर बैठने को मजबूर हुए। प्रदर्शनों का यह सिलसिला लगातार जारी है।

### महापौर का पलटवारः यह सिर्फ चेंबर चुनाव की फोटो खिंचवाने की राजनीति

इस पूरे मामले पर महापौर ने तीखी आपत्ति दर्ज कराई है।उनका कहना है कि कार्य का 'वर्क ऑर्डर' जारी हो चुका है और काम प्रगति पर है। उन्होंने विपक्ष और प्रदर्शनकारियों पर निशाना साधते हुए इसे आगामी चेंबर चुनाव में फोटो खिंचवाने की राजनीति करार दिया।

### चिट्ठी-पत्री में उलझा नगर निगम,काम ठप

सूत्रों के मुताबिक,यह समस्या केवल प्रशासनिक ढिलाई की नहीं,बल्कि आपसी तालमेल की कमी की भी है।महापौर ने नगर निगम आयुक्त (कमिश्नर) को सफाई कर्मियों के मुद्दे पर एक बार नहीं,बल्कि दो-दो बार चिट्ठी लिखी। इसके पहले कमिश्नर की लिखित तौर पर शिकायत भी की जा चुकी है। लेकिन धरातल पर नतीजा शून्य है। अफसरशाही और जनप्रनिधियों की इस 'चिट्ठी-पत्री' के खेल में आम जनता पिस रही है।

### 'डबल इंजन' के बाद भी क्यों बेबस है जनता?

स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों में इस बात को लेकर भारी नाराजगी है कि केंद्र और राज्य के बाद अब स्थानीय स्तर पर भी भाजपा के ही सांसद और भाजपा के ही महापौर हैं। जब पूरी सत्ता एक ही हाथ में है, तो विकास कार्यों में इतनी लेट-लतीफी क्यों? हर चुनाव में जनप्रतिनिधि मंच से वादा करते हैं कि वे जनता की समस्याओं का निराकरण करेंगे और हर सुख-दुख में साथ खड़े रहेंगे।लेकिन आज जब बाजार उजड़ रहा है,लोग धूल फांक रहे हैं,तो जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। बड़ा सवाल यह है कि महीनों से नारकीय जीवन जी रही सतना की यह जनता आखिर न्याय के लिए अब किसके पास जाए ? क्या इस चुनावी राजनीति और प्रशासनिक खींचतान के बीच सतना को इन जानलेवा गड्ढों से मुक्ति मिल पाएगी।

## खबर संक्षेप

### पोस्ट ऑफिस में महिला के बैग से पैसे उड़ाने वाली दो शातिर महिलाएं पन्ना से गिरफ्तार





**सतना।** जिला मुख्यालय के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बैंक से पैसे निकालकर पोस्ट ऑफिस पहुंची एक महिला के बैग पर ब्लेड मारकर 86,000 पार करने वाली अंतर-जिला गिरोह की दो शातिर महिला आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार,गत 29 मई को पंजाबी कॉलोनी निवासी फरियादिया कंचन अग्रवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होंने बैंक ऑफ इंडिया से 86,000 निकाले थे। जब वह पैसे जमा करने पोस्ट ऑफिस पहुंचीं,तो अज्ञात बदमाशों ने उनके बैग को ब्लेड से काटकर रकम पार कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, एएसपी डॉ.शिवेष सिंह बघेल और सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी रावेन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में विशेष टीमें गठित की गईं। पुलिस ने पोस्ट ऑफिस और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। मुखबिरों और फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान मंजू सिसोदिया (32 वर्ष) और अमीका सिसोदिया (45वर्ष), दोनों निवासी कड़िया,थाना बोडा,जिला राजगढ़ के रूप में हुई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों महिला आरोपियों को जिला पन्ना से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। इस सराहनीय कार्रवाई में सउनि हेमराज सिंह, प्रआर एमडी सिंह और महिला आरक्षक नीरा बागरी,प्रियंका मिश्रा,क्षमा ताम्रकार व एकता श्रीवास्तव की मुख्य भूमिका रही।

### मां शारदा मंदिर क्षेत्र के फलाहारी आश्रम में तेंदुए का खौफ



**मैहर।** माँ शारदा मंदिर परिसर स्थित फलाहारी आश्रम में पिछले 15 दिनों से लगातार तेंदुआ देखा जा रहा है। आश्रम में रह रहे 30-40 बच्चे और स्थानीय लोग गहरे डर के साए में जीने को मजबूर हैं। आश्रम के महंत द्वारा शिकायत करने पर वन विभाग के डीएफओ विद्याभूषण मिश्रा का कहना है कि जब तक कोई अनहोनी नहीं होती,तेंदुए को नहीं पकड़ा जाएगा क्योंकि वह उसका प्राकृतिक आवास है। सीढ़ी मार्ग के पास तेंदुए की इस सक्रियता से श्रद्धालुओं और बच्चों की जान जोखिम में है। वन विभाग के रवैये से निराश होकर महंत ने कलेक्टर से संज्ञान लेने की गुहार लगाई है।

### जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस का जनसंपर्क 9 जून को आंदोलन



**मैहर।** नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार,गंदगी,जर्जर सड़कों और अवैध टैक्स वसूली के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। 9 जून को होने वाले नगर पालिका घेराव और जनआंदोलन को सफल बनाने के लिए कांग्रेस नेताओं ने वार्ड क्रमांक 14 से 20 तक सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। जिला अध्यक्ष धर्मेश गिरी और ब्लॉक अध्यक्ष रमेश प्रजापति सहित अन्य नेताओं ने घर-घर जाकर नागरिकों को जागरूक किया और आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जनता त्रस्त है और इस लड़ाई को प्रशासन के झुकने तक जारी रखा जाएगा।

### गल्ला मंडी में गंदगी का अंबार, स्वच्छता दावों की खुली पोल



**मैहर।** नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने मैहर की ऐतिहासिक पुरानी गल्ला मंडी में व्याप्त भारी गंदगी और नगर पालिका द्वारा निर्मित सार्वजनिक शौचालय की बदहाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहाकि करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद जमीनी हकीकत दावों के विपरीत है। उचित रखरखाव और जल निकासी की व्यवस्था न होने से शौचालय से उठने वाली तीव्र दुर्गंध ने व्यापारियों,मजदूरों और ग्राहकों का जीना मुहाल कर दिया है। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतों के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ।

## कबीर आश्रम धनेह में बावड़ी की हुई सफाई, होगा पूजन कार्यक्रम



सतना।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में ग्राम धनेह स्थित कबीर आश्रम की प्राचीन बावड़ी की शुक्रवार को साफ-सफाई की गई। बावड़ी पूजन एवं जल संरक्षण संकल्प कार्यक्रम शनिवार शाम को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम ऊंचेहरा जनपद क्षेत्र की नवांकुर संस्थाओं सर्जना पिथौराबाद,वसुंधरा जन सेवा समिति मैनहा एवं काकी फाउंडेशन लोहरौरा के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। सफाई अभियान के दौरान ग्रामीणों को जल गंगा संवर्धन अभियान के उद्देश्यों तथा जल स्त्रोतों के संरक्षण के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान आयोजित जल चौपाल में परामर्शदाता सतवंत सिंह ने अभियान के तहत संचालित विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। नवांकुर संस्था सर्जना पिथौराबाद के अध्यक्ष सुरेश दाहिया ने बताया कि प्रदेश भर में तालाबों,नदियों,कुओं और बावड़ियों की सफाई के साथ जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है,जिससे जल संरक्षण के प्रति समाज की सहभागिता बढ़े। वहीं,काकी फाउंडेशन के वीरेंद्र प्रताप सिंह तथा वसुंधरा जन सेवा समिति मैनहा के अध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रकाश ने जल संरक्षण के साथ-साथ पौधारोपण को भी पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया।

## गाजीपुर माता मंदिर में बड़ी वारदात: 15 लाख का चांदी का सिंहासन ले उड़े चोर, इलाके में आक्रोश

सतना।





जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र के शिवराजपुर में स्थित प्रसिद्ध गाजीपुर माता मंदिर से बुधवार रात अज्ञात बदमाशों ने एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मंदिर परिसर में घुसकर माता जी का कीमती चांदी का सिंहासन उखाड़कर रफूचक्कर हो गए। चोरी गए इस सिंहासन की अनुमानित कीमत 15 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। खास बात यह है कि यह सिंहासन मुंबई के उद्योगपति रुद्र उरमलिया ने मंदिर में श्रद्धापूर्वक स्थापित कराया था। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है

### बढ़ता जन आक्रोश

इस चोरी से श्रद्धालुओं और स्थानीय ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और मंदिर की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

### पुलिस जांच और सीसीटीवी की तलाश

घटना की जानकारी मिलते ही नागौद एसडीओपी रघु केसरी और सिंहपुर थाना प्रभारी पंकज शुक्ला भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं।

## संविदा स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल: तीसरे दिन सुंदरकांड और सद्बुद्धि यज्ञ कर सरकार को याद दिलाई 'हनुमान' की उपमा

सतना।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का प्रदेशव्यापी आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। हड़ताल के तीसरे दिन सतना में कर्मचारियों ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने भगवान श्रीराम और बजरंगबली की आराधना करते हुए सुंदरकांड का पाठ किया और सरकार के लिए 'सद्बुद्धि यज्ञ' का आयोजन किया।



### 'हनुमान' की उपमा याद दिलाकर लगाई गुहार

कर्मचारियों ने याद दिलाया कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने पूर्व में संविदा स्वास्थ्य कर्मियों की निष्ठा को देखते हुए उन्हें 'हनुमान' की उपमा दी थी। कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने साफ किया कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति या विभाग के खिलाफ नहीं,बल्कि अपने अधिकारों और सुरक्षित भविष्य के लिए है।

### नियमितीकरण सहित प्रमुख मांगें

कर्मचारियों ने सरकार के सामने अपनी 9 सूत्रीय मांगें रखी हैं,जिनमें 30 जनवरी 2026 को लाल परेड ग्राउंड में की गई घोषणा के तहत नियमितीकरण का लाभ मिले। वर्ष 2023 की नीति के तहत एनपीएस, स्वास्थ्य बीमा,महंगाई भत्ता और 10% वार्षिक वेतनवृद्धि दी जाए। वेतन विसंगतियां दूर कर नियमित कर्मचारियों की तरह अवकाश और समान कार्य के लिए समान वेतन₹ सुनिश्चित किया जाए। कर्मचारियों को उम्मीद है कि सरकार जल्द ही इस पर संवेदनशील और सकारात्मक निर्णय लेगी।

## विंध्य विकास प्राधिकरण के पदाधिकारियों ने संभाला कार्यभार, विकास को नई दिशा देने का लिया संकल्प

सतना।

विंध्य विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष पंचूलाल प्रजापति तथा उपाध्यक्ष डॉ.अजय सिंह और संजय तीर्थवानी ने बुधवार को रीवा स्थित संभागायुक्त कार्यालय में औपचारिक रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया। सामान्य वातावरण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विंध्य क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने का संकल्प व्यक्त किया गया,कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व सभी पदाधिकारी भाजपा कार्यालय पहुंचे,जहां उन्होंने संगठन के प्रेरणास्त्रोत महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए,इसके बाद चिरहुला नाथ सरकार के दरबार में दर्शन-पूजन कर विंध्य क्षेत्र की समृद्धि,खुशहाली और विकास की कामना की। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि प्राधिकरण पदाधिकारी इलेक्ट्रिक वाहन से संभागायुक्त कार्यालय पहुंचे,जिसे पर्यावरण संरक्षण,ईंधन बचत और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के संदेश के रूप में देखा गया। पदभार ग्रहण करने के बाद उपाध्यक्ष संजय तीर्थवानी ने कहा कि विंध्य विकास प्राधिकरण की सर्वोच्च



प्राथमिकता क्षेत्र के समग्र विकास और जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना होगी,उन्होंने कहा कि सड़क,पेयजल,रोजगार,शिक्षा,स्वास्थ्य,पर्यटन और अधोसंरचना जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा,उन्होंने आगे यह कहा कि विंध्य क्षेत्र और सतना जिले से जुड़े विकासात्मक मुद्दों को गंभीरता के साथ उठाया जाएगा तथा क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं को गति देने का प्रयास किया जाएगा,कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी,जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे,इस दौरान विंध्य के संतुलित,समावेशी और दीर्घकालिक विकास के लिए समन्वित प्रयासों पर जोर दिया गया।

## केजेएस सीमेन्ट में सेफ्टी गेट मीटिंग का वृहद आयोजन




**मैहर।** केजेएस सीमेन्ट में सेफ्टी गेट मीटिंग का वृहद आयोजन किया गया जिसमें फैक्ट्री के सभी कर्मचारी एवं प्रमुख उच्चाधिकारी उपस्थित रहे। कंपनी के सीओओ राजेश बैरागी एवं मानव संसाधन व प्रशासन विभाग के उपाध्यक्ष देवेन्द्र माथुर ने इस सुरक्षा सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत कर्मचारियों की सामूहिक सुरक्षा शपथ के साथ हुई। सेफ्टी हेड अखिलेश कुशवाहा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए इस बार सुरक्षा के विषय लिफ्टिंग टूल्स एंड टैकल्स सेफ्टी को समझाने के लिए यांत्रिक प्रभारी कीर्ति रमेश को आमंत्रित किया जिन्होंने खतरों के नियंत्रण के क्रम की व्याख्या की और औद्योगिक कार्यों में मानव व मशीन सुरक्षा के महत्व को समझाया। सीओओ राजेश बैरागी ने कहा कि खतरनाक यंत्रों और परिस्थितियों के बीच में रहते हुए अपने कर्तव्य का पालन करने वाले श्रमिकों को सुरक्षा के लिए हर पल सजग रहना चाहिए। कंपनी के मानव संसाधन व प्रशासन विभाग के उपाध्यक्ष देवेन्द्र माथुर ने अपने संभाषण में कहा कि हमारे लिए श्रमिकों की जान से कीमती और कुछ नहीं है इसीलिए औद्योगिक सुरक्षा के लिए हमारे द्वारा हर प्रकार के आधुनिकतम उपकरणों व तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है और कंपनी शून्य दुर्घटना के अपने लक्ष्य पर स्थिर है। सेफ्टी पर्सन ऑफ़ द मंथ,काइजन व स्माल सेफ्टी ग्रुप एक्टिविटी सहित विभिन्न पुरस्कार भी चुनिंदा प्रतिभाशाली श्रमिकों को वितरित किए गए। सुरक्षा सभा में सीओओ राजेश बैरागी एवं एचआर हेड देवेन्द्र माथुर सहित प्रोजेक्ट हेड बीके ठाकुर, माइंस हेड वीएस राठौर,एएंडआई हेड आरके नम्मी, प्रोसेस हेड अश्विनी सोनी,आईटी हेड बीके गायन, क्वालिटी कंट्रोल हेड रामजी पांडेय, मैकेनिकल इंचार्ज हिमांचल मिश्रा,डॉ टीएस बघेल एवं जनसंपर्क प्रबंधक निरंजन शर्मा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## मैहर में प्रशासनिक टीम ने किया वार्डों का निरीक्षण



**मैहर।** मैहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय है। कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी के निर्देशन में डिप्टी कलेक्टर असीम पटेल,जनपद सीईओ,और नगर पालिका के अधिकारियों की टीम ने विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सड़कों,नालियों और सार्वजनिक स्थलों पर चल रहे सफाई कार्यों का जायजा लिया। टीम ने स्थानीय नागरिकों से सीधे संवाद कर कचरा संग्रहण और अन्य नागरिक समस्याओं की जानकारी ली। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि शहर को सुंदर बनाने के लिए जनभागीदारी आवश्यक है। अभियान के तहत नियमित मॉनिटरिंग और सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।

## स्व. जनकलाल मिश्र की पुण्यतिथि पर सुंदरकांड एवं प्रसाद वितरण



**जबलपुर।** शिव सेवा संकल्प संस्थान के सदस्य अमित मिश्रा (धवारी) के पूज्य पिता स्वर्गीय जनकलाल मिश्र की सोलहवीं पुण्यतिथि के अवसर पर शिव सेवा संकल्प संस्थान द्वारा स्टेशन परिसर स्थित हनुमान मंदिर में धार्मिक आयोजन किया गया।इस अवसर पर श्रद्धापूर्वक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी का स्मरण किया। सुंदरकांड पाठ के उपरांत स्व. जनकलाल मिश्र की पुण्य स्मृति में विशाल पुण्य प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया।भंडारे में मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं, यात्रियों एवं राहगीरों को प्रसाद वितरित किया गया। उपस्थित लोगों ने स्व. जनकलाल मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सामाजिक एवं मानवीय मूल्यों को स्मरण किया।संस्थान के पदाधिकारियों ने कहा कि दिवंगत आत्मा की स्मृति में किए गए ऐसे धार्मिक एवं सेवा कार्य समाज में सद्भाव, सेवा और परोपकार की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम का समापन श्रद्धांजलि अर्पण एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

**खबर संक्षेप**

## बुधरौड़ नाले के डहरिया घाट पर डूबी 9 वर्षीय फुला आदिवासी की मौत



**पन्ना।** शाहनगर थाना क्षेत्र के बोरी चौकी के बुधरौड़ नाले के डहरिया घाट पर मंगलवार की दोपहर 12बजे नहाने के दौरान 9 वर्षीय मासूम फुला आदिवासी पुत्री राजा आदिवासी नाले में डूब गई। हादसे में बच्ची की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब 12 बजे फुला अपने साथियों के साथ डहरिया घाट पर नहाने गई थी। गहरे पानी में चली जाने से वह डूब गई। साथियों के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने बच्ची को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। घटना की सूचना पर शाहनगर पुलिस और राजस्व टीम मौके पर पहुंची। पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहनगर भेजा गया। मासूम की मौत से गांव में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। विवेचक प्रधान आरक्षक मनीष सिंह नदी-नालों में नहाने से बचने की अपील की है। तेज बहाव और गहराई से हादसे का खतरा बढ़ जाता है।

**आज 5 जून का दिन प्रतिवर्ष की तरह फिर कई जगह से पौधारोपण**

# हर वर्ष की तरह विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जायेगा पर कभी जिम्मेदार पीछे मुड़कर देखेंगे कि नदी व पहाड़ जो पहले की तुलना में आज किस हालात में हैं

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून का दिन पूरी दुनिया के लिए कहीं न कहीं जो आने वाले संकट की आहट को लेकर स्वयं ही सचेत करता है। पर्यावरण को ध्यान में रखकर हमें जीवन की राह तय करने के लिए किस तरह से पर्यावरण को बचाते हुए वहीं पर्यावरण आगे हमें कितना लाभदायक है इसके लिए पर्यावरण दिवस याद दिलाता है। पर यहां जरूरी है वर्तमान समय में पर्यावरण का बिनास कितना हुआ है। उदाहरण को लेकर हमारे जिले में केन नदी वहीं आसपास के पहाड़ जो स्वयं ही बयां कर रहे हालात। क्या जिम्मेदार महज फोटो सेसन की तरह पर्यावरण को लेकर पौधारोपण करके इतिश्री कर लेगें या कि अपनी जिम्मेदारी समझेगें। ताकि हमारी नदी का जीवन बच सके। पहाड़ बच सके तभी पर्यावरण के प्रति हमारी सही सोच साबित होगी।



पन्ना।

विश्व पर्यावरण दिवस आज 5 जून का दिन प्रतिवर्ष की तरह फिर कई जगह से पौधारोपण की फोटो पौधों को पकड़कर पौधे लगाने की प्रथा दिखेगी इतना ही नहीं अब तो डाउनलोड करके एप्प के माध्यम से आंकड़ेबाजी का खेल चल पड़ा। यहां क्या हम अपनी कार्यप्रणालियों पर नजर डालेगें जिसकी वजह से प्रकृति स्वयं ही संकट का आहट पर्यावरण को लेकर बयां कर रही है। प्रकृति प्रदत्त पौधे अगर हमारे पहाड़ों में ही सुरक्षित रह जाये तो सायद हमे वृक्षारोपण की जरूरत नहीं होगी। वहीं वर्तमान समय जो वृक्षारोपण किया जाता है वह पौधे भी कुछ समय के बाद स्वयं ही बयां करते है हालात को कितने बचे। इतना ही नहीं हमारे जिले की पवित्र केन नदी जो आज चीख चिल्लाकर अपने हालात को बयां कर रही है। किस तरह से पर्यावरण का विनाश हो रहा है। जहां जलीय जीव जन्तु का जीवन चक्र समाप्त किया गया। वहीं केन नदी के किनारे जो वृक्ष हुआ करते थे कई जगह से घाटों का निर्माण किया गया वहीं गांवों के हालात जहां जो प्राचीन धरोहरें कहीं न कहीं से सड़के तो थी पर आज सड़क भी टूटी हालात भी बदले उड़ रही धूल। नदी के हालात स्वयं ही कर रहे बयां इतना ही नहीं पर्यावरण को बचाने के लिए आज फिर कई जगह से प्रकृति के ठेकेदारों व जिम्मेदारों की फोटो सेसन के रूप में देखी जायेगी। पर क्या केन नदी की तरफ नजर आयेगी। किस तरह से हम अपने जीवन को खतरे में डाल रहे है। हमारी नदी पहाड़ सब बयां कर रहे है हालात। क्या कोई भागीरथ फिर आके जन्म लेगें। जो गंगा प्रगट करने के लिए जाने जायेगे। अब तप तो नहीं पर जो हमें विरासत में प्रकृति प्रदत्त पवित्र नदी केन मिली क्या इसको बचाये रखने के लिए जिले के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि व जिम्मेदार प्रशासन के मुखिया इस पर गौर करेगे। ताकि पर्यावरण का दिन सार्थक साबित हो सके। वहीं आने वाले समय में गांव-गांव में संकट की आहट पर विराम लग सके। जहां वर्तमान समय में केन नदी का स्वरूप ही बदल रहा। जहां कभी निर्मल धारा बहती थी आज डबरों में तब्दील हो रही केन नदी। रेत के कारोबार से सरकार को रॉयल्टी के रूप में कितना लाभ होता है यह तो जिले के जिम्मेदार ही जाने पर केन नदी अपने हालात को जरूर बयां कर रही है किस तरह से पर्यावरण की परवाह न करते हुए 30-30 फुट नीचे से रेत निकालकर मशीनों के माध्यम से जलीय जीव जन्तुओं की जीवन समाप्त किया गया। अब जन जीवन की बारी क्योंकि केन नदी को लेकर वह दिन दूर नहीं होगें जब नदी ही बिलुप्त होगी। अगर इसी तरह के हालात कायम रहे तो जीवन संकट में होगा। पर्यावरण के दिन ही सही पर संकट से बचने के लिए सही रूप में पर्यावरण दिवस तभी मनाना सार्थक होगा जब हमारी पवित्र केन नदी का जीवन सुरक्षित किया जाये।

**सतना एवं उमरिया जिले की घटनाओं का हुआ खुलासा**

# पुलिस की सजगता से बैंकों में रैकी करने वाली कड़िया सांसी गैंग के 2 शातिर महिलाओं को घटना के पूर्व किया गिरफ्तार

**उक्त आरोपी देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्रांतर्गत स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया परिसर में चोरी एवं बैग लिफ्टिंग की घटना को अंजाम देने की फिराक में थीं।**



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा आसपास के जिलों में बैंकों के अंदर एवं बाहर बैंक लिफ्टिंग तथा बैंक से राशि निकालकर जाने वाले व्यक्तियों को निशाना बनाकर चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों की बैंक शाखाओं पर विशेष निगरानी रखने , शाखा प्रबंधक एवं बैंक स्टॉफ से समन्वय स्थापित कर उन्हें ऐसी घटनाओं के प्रति जागरूक करने एवं संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशों के पालन में जिले के सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों की बैंक शाखाओं में लगातार निगरानी रखी जा रही थी। इसी क्रम में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उनि. संतोष सिंह यादव के नेतृत्व मे देवेन्द्रनगर पुलिस टीम को भ्रमण के दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, देवेन्द्रनगर परिसर में दो महिलाएं संदिग्ध अवस्था में घूमती हुई दिखाई दिए जाने की सूचना प्राप्त हुई। जिसपर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा दोनों महिलाओं को पूछताछ हेतु अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ के दौरान महिलाओं ने अपने नाम-पते बताये एवं कड़यिा सांसी, जिला राजगढ़ (मध्यप्रदेश) के निवासी होना बताए। संदेह के आधार पर उनके फोटोग्राफ एवं अन्य विवरण आसपास के जिलों में साझा किए गए। प्राप्त जानकारी एवं सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन से उक्त महिलाओं की पहचान सतना एवं उमरिया जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में बैंकों में रैकी कर बैंक से पैसे निकालने वाले व्यक्तियों का पीछा कर उनके बैग से नकदी चोरी करने वाली महिला गैंग के सदस्यों के रूप में हुई।

### प्रारंभिक जांच एवं उपलब्ध फोटो/हुलिया के आधार पर उक्त महिलाओं की संलिप्तता निम्न घटनाओं में पाई गई-

1. थाना कोतवाली, जिला सतना के अपराध क्रमांक 77/2026 में लगभग 77,000/- की चोरी की घटना।

2. थाना कोतवाली, जिला उमरिया के अपराध क्रमांक 146/2026 में लगभग 60,000/- की चोरी की घटना। पूछताछ उपरांत उक्त आरोपियों के संबंध में संबंधित पुलिस इकाइयों को सूचना प्रदान की गई। तत्पश्चात सतना पुलिस द्वारा दोनों महिलाओं को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### गिरफ्तार आरोपी -

1. मंजू सिसोदिया, पति राजेश सिसोदिया, उम्र लगभग 30 वर्ष, निवासी कड़यिा सांसी, जिला राजगढ़ (म.प्र.)।

2. अंबिका सिसोदिया, पति सिकंदर सिसोदिया, उम्र लगभग 40 वर्ष, निवासी कड़यिा सांसी, जिला राजगढ़ (म.प्र.)।

उक्त आरोपी महिलाएं आसपास के विभिन्न जिलों में बैंकों की रैकी कर बैंक से राशि निकालने वाले व्यक्तियों को निशाना बनाकर बैग लिफ्टिंग एवं चोरी की वारदातों को अंजाम देती थीं। आरोपियों के विरुद्ध पूर्व से भी विभिन्न जिलों में कई आपराधिक प्रकरण दर्ज होना पाए गए हैं। पन्ना पुलिस की सतर्कता एवं सक्रिय निगरानी के कारण इन शातिर महिलाओं की पहचान कर महत्वपूर्ण घटनाओं का खुलासा किया जा सका। साथ ही, पन्ना जिले में किसी वारदात को अंजाम देने से पूर्व ही आरोपियों को चिन्हित कर उन्हें गिरफ्तार कराने में सफलता प्राप्त हुई, जिससे संभावित अपराध को समय रहते रोका जा सका।

### सराहनीय योगदान-

थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उनि. सन्तोष सिंह यादव, सउनि सज्जन सिंह, प्र.आर. अशोक बागरी, शंकर सिंह बुन्देला, शिवस्वरूप तिवारी, धीरेन्द सिंह यादव, लक्ष्मी नारायण यादव, आर. बृजेन्द्र रैकवार का सराहनीय योगदान रहा।

**पं. योगेश पांडे के निर्देशन में, सुंदरसाथों को मिल रहा आध्यात्मिक मार्गदर्शन**

# श्री प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में जागनी शिविर का भव्य आयोजन



**पन्ना।** श्री 5 पद्मावतीपुरी धाम में आयोजित पंच दिवसीय जागनी शिविर का आज दूसरा दिन है। यह आध्यात्मिक शिविर श्री 108 श्री प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के संरक्षण एवं धर्मोपदेशक पं. योगेश पांडे के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है। 30 मई से 3 जून 2026 तक चलने वाले इस विशेष शिविर में सुंदरसाथ को श्री तारतम वाणी, श्री बीतक साहेब, धार्मिक चर्चा, चिंतन, सेवा-पूजा तथा धाम की संस्कृति एवं महिमा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जा रही है। शिविर का आयोजन एमआरएस भवन, धाम मोहल्ला, पन्ना में किया गया है। आयोजकों द्वारा शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए आवास एवं भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। आयोजकों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं एवं सुंदरसाथों से शिविर में सहभागिता करने तथा इस आध्यात्मिक आयोजन की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने की अपील की है। शिविर का सीधा प्रसारण श्री श्री 5 पद्मावतीपुरी धाम यूट्यूब एवं फेसबुक पर भी किया जा रहा है, जिससे देश-विदेश के श्रद्धालु भी इसका लाभ प्राप्त कर रहे। कार्यक्रम में पाठशाला के छात्र छात्रायों ने भी भाग लिया शिविर में विदुषी श्रीमति रंजना दुबे, विदुषी डां कमलावंती शर्मा, विदुषी वर्षा दुबे, विदुषी कीर्ति शर्मा (कम्मोक ) विदुषी भावना शर्मा , विदुषी रश्मिा शर्मा, विदुषी राजबाला जुनेजा , एंव सुंदरसाथ शामिल रहो।

# पुरुषोत्तम मास में भक्ति की बयार श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग पर झूमे श्रद्धालु

**माँ पद्मावती कॉलोनी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ रही भीड़**

**अजामिल उद्धार, प्रहलाद चरित्र और वामन अवतार की कथा का हुआ मार्मिक वर्णन**



पन्ना।

पन्ना शहर के स्थानीय माँ पद्मावती कॉलोनी निवासी एवं श्रीमद्भागवत कथा के आयोजक भूपेंद्र सिंह परमार एवं उनकी धर्मपत्नी धनकुंअर सिंह द्वारा पुरुषोत्तम मास (मलमास) के पावन अवसर पर विशेष कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह ज्ञानयज्ञ आयोजक दंपत्ति द्वारा अपनी पूज्य माता श्रीमती मिथलेश जू परमार (पत्नी स्वर्गीय श्री आर. डी. सिंह जू देव जी) को श्रीमद्भागवत रसपान कराने के उद्देश्य से कराया जा रहा है। बीते 31 मई 2026 से शुरू हुई इस नौ दिवसीय संगीतमय कथा के पांचवें दिन गुरुवार को पावन प्रसंगों को सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। कथा व्यास पीठ पर विराजमान वेद व्याकरणाचार्य पंडित श्री राम दुलारे पाठक जी ने अपने मुखारविंद से अजामिल मोक्ष, भक्त शिरोमणि प्रहलाद चरित्र और भगवान वामन अवतार की कथा का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया। इसके पश्चात जैसे ही कंस के कारागार में भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण का प्रसंग आया, पूरा पंडाल श्नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल कीश के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। श्रीकृष्ण जन्म के इस उल्लास पर गाए गए बधाई गीतों पर श्रद्धालु खुद को रोक नहीं पाए और झूमकर नृत्य करने लगे। इस दौरान वासुदेव जी द्वारा टोकरी में कन्हैया को लेकर जाने की जीवंत झांकी भी सजाई गई। धार्मिक मर्यादाओं का पालन करते हुए इस भव्य आयोजन को दो सत्रों में विभाजित किया गया है। श्रीमद्भागवत का मूल पाठ सुबह के सत्र में आयोजक भूपेंद्र सिंह परमार के निज निवास पर श्रद्धापूर्वक किया जा रहा है। वहीं, आम श्रद्धालुओं के लिए विस्तृत प्रवचन और संगीतमय कथा का मुख्य आयोजन जनकपुर रोड स्थित श्मधुवन पैलेसश में प्रतिदिन शाम 5 बजे से प्रभु इच्छा तक अनवरत रूप से चल रहा है। कथा में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक और मातृशक्ति पहुंचकर धर्म लाभ ले रही हैं।

# खाद लेना है तो फार्मर आईडी है जरूरी, गांव-गांव शिविर



**पन्ना।** किसानों को खाद-उर्वरक की समस्या से बचाने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। कलेक्टर (कृषि) पन्ना ने आदेश जारी कर 03 जून 2026 से 29 जून 2026 तक ग्राम पंचायत स्तर पर किसान फार्मर आईडी रजिस्ट्री शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। शाहनगर तहसीलदार श्रीमति कोमल सिंह ने बताया कि प्रदेश शासन के ई-विकास पोर्टल से ही अब उर्वरक वितरण होगा। एग्री-स्टेक पोर्टल पर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का काम 50ः से भी कम है। जबकि ई-विकास प्रणाली में फार्मर रजिस्ट्री से लिंक भूमि के अनुपात में ही फसल अनुसार उर्वरक मिलेगा। यानी रजिस्ट्री नहीं हुई तो खाद नहीं मिलेगी। उन्होंने बताया कि शाहनगर तहसील के सभी पटवारियों को निर्देश दिए गए हैं। शिविर के माध्यम से आईडी को समग्र/खसरे से लिंक करना और ई-टोकन बुकिंग की जाएगी। - किसान ये दस्तावेज साथ लाएंरू आधार कार्ड, भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र - खसरा/खतौनी, मोबाइल नंबर, समग्र आईडी। मृत किसान की स्थिति में परिजनों का मृत्यु प्रमाण पत्र $ सहमति पत्र। सभी दस्तावेज प्रस्तुत कर अपनी फार्मर आईडी तत्काल बनवा लें, अन्यथा आगामी सीजन में उर्वरक लेने में परेशानी होगी। शाहनगर क्षेत्र के शत-प्रतिशत किसानों की रजिस्ट्री कराना लक्ष्य है। पटवारी, सचिव, रोजगार सहायक शिविर में मौजूद रहेंगे।

# आरोह ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन



**पन्ना।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग पन्ना के तत्वावधान में एक माह तक संचालित हुए आरोह ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन गुरुवार को छत्रसाल स्टेडियम, पन्ना में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समापन समारोह के दौरान विभिन्न खेल विधाओं के प्रतिभागियों ने अपने-अपने खेल कौशल का आकर्षक प्रदर्शन किया। मार्शल आर्ट खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुत सेल्फ डिफेंस प्रदर्शन को उपस्थित दर्शकों द्वारा सराहना की गई। खिलाड़ियों ने आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन कर संदेश दिया कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन एवं सुरक्षा की भावना को भी मजबूत बनाते हैं। मलखम्ब खिलाड़ियों ने भी अपने अद्भुत संतुलन एवं कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी सुमित तोमर ने बताया कि एक माह के इस प्रशिक्षण शिविर में बच्चों एवं युवाओं को विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविर में वुशू, फुटबॉल, हॉकी, मलखम्ब, एथलेटिक्स, खो-खो, योग एवं जुम्बा सहित कई खेलों की नियमित प्रशिक्षण गतिविधियां आयोजित की गईं। शिविर में प्रशिक्षक इरफान खान, निधि राय, मनोज शर्मा, हर्षिता विश्वकर्मा, प्रकाश अहिरवार, अदनान सिद्दीकी, राजा भैया एवं ममता चौधरी ने खिलाड़ियों को तकनीकी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने खेलों की बारीकियां सीखीं तथा अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। नियमित खेल गतिविधियों से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं सकारात्मक सोच का विकास होता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों एवं आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समापन अवसर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी, अभिभावक, खेल प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक व खेल विभाग से धीरज कुमार वर्मा, रामचरण खंगार, शिक्षा विभाग से एन.के. मिश्रा रिटायर्ड पीटीआई उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन तथा भविष्य में खेलों के प्रति निरंतर समर्पण के संकल्प के साथ हुआ।

# मध्य प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग द्वारा "सोशल मीडिया वॉरियर्स" अभियान का किया शुभारंभ, युवाओं को मिलेगा मंच

**संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे युवाओं और प्रतिभाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़कर समाज और राष्ट्रहित में काम करने का अवसर दिया जाएगा।**






**पन्ना।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेशभर के युवाओं, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, लेखकों, ब्लॉगर्स, मोटिवेशनल स्पीकर्स, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा कला एवं मनोरंजन जगत की प्रतिभाओं को जोड़ने के लिए "सोशल मीडिया वॉरियर्स प्रतिभा एक खोज" अभियान का शुभारंभ किया है। इस अभियान का उद्देश्य समाज की सकारात्मक और जागरूक आवाज़ों को कांग्रेस संगठन से जोड़कर जनहित, संविधान और लोकतंत्र की लड़ाई को मजबूत करना है। जिला कांग्रेस कमेटी, पन्ना आई.टी. सोशल मीडिया विभाग द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीस खान एवं आई.टी. सेल के जिले के प्रभारी लतीफ खान ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर पूरे मध्य प्रदेश में यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सोशल मीडिया जनमत निर्माण का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है। ऐसे में कांग्रेस उन युवाओं और प्रतिभाशाली लोगों को मंच देना चाहती है जो समाज के मुद्दों को मजबूती से उठाने का साहस रखते हैं। अभियान के अंतर्गत 31 मई से 15 जून तक इच्छुक युवा ऑनलाइन गूगल फॉर्म के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद आवेदनों की जांच और स्क्रूटनी की जाएगी तथा 20 से 23 जून के बीच साक्षात्कार आयोजित होंगे। चयनित प्रतिभाओं की अंतिम सूची 30 जून को प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी की जाएगी। इस दौरान खान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल राजनीतिक कार्यकर्ताओं का संगठन नहीं, बल्कि देश के संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की विचारधारा का आंदोलन है। संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे युवाओं और प्रतिभाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़कर उन्हें समाज और राष्ट्रहित में काम करने का अवसर दिया जाएगा। आज देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं, संविधान और आम जनता के अधिकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं। ऐसे समय में जागरूक और रचनात्मक युवाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। कांग्रेस पार्टी ऐसे युवाओं को आगे लाकर उनकी ऊर्जा और प्रतिभा को जनहित की लड़ाई में शामिल करना चाहती है। कांग्रेस का यह अभियान केवल सदस्यता अभियान नहीं, बल्कि नई सोच, नई प्रतिभाओं और नई ऊर्जा को संगठन से जोड़कर लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए एक मजबूत सामाजिक-राजनीतिक मंच तैयार करने की पहल है।। इस दौरान अनेक लोगों पर उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से पूर्व प्रत्याशी जीवन लाल सिद्धार्थ संगठन महामंत्री राज बहादुर पटेल ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती रमा बुंदेला उपाध्यक्ष शशीकांत दिक्षित जिला प्रवक्ता दीपक तिवारी मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा डॉक्टर कदीर खान विक्रम यादव बृजेंद्र दुबे प्रहलाद यादव जितेंद्र यादव राजू पटेल शिव प्रकाश दीक्षित तथा सोशल मीडिया के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### काठन नदी में डूबने से 8 वर्षीय बालक की मौत



**बड़ामलहरा।** बंधा चौकी क्षेत्र अंतर्गत काठन नदी में नहाने गए एक 8 वर्षीय बालक की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार बंधा निवासी नंदू अहिरवार अपने 8 वर्षीय पुत्र रितेश अहिरवार के साथ सोमवार सुबह काठन नदी में नहाने गए थे। नदी में नहाने के दौरान सभी लोग बाहर निकल आए, लेकिन रितेश बाहर नहीं आया। काफी देर तक दिखाई न देने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान बालक नदी के बहाव में बहता हुआ दिखाई दिया। उन्होंने गंभीर अवस्था में बालक को अपनी कार से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ामलहरा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### ग्राम पंचायतों द्वारा कराए गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आज

**कटनी।** जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी युजवेंद्र कोरी की अध्यक्षता में गुरुवार 4 जून को ग्राम पंचायतों की समीक्षा बैठक मंगल भवन ढीमरखेड़ा में दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। जनपद पंचायत सीईओ श्री कोरी द्वारा ई-केवाईसी मनरेगा,समग्र,आवास पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास पूर्णता, मनरेगा अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कराए गए कार्यों, स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत नवीन प्रणाली से भुगतान, निर्माण कार्यों, करारोपण, 6वा वित्त के अंतर्गत पंचायत दर्पण पोर्टल पर फीडिंग कार्य, संबल योजना के अंतर्गत पंजीयन कार्य एवं अनुग्रह सहायता के प्रकरणों में निराकरण की स्थिति और सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत लंबित शिकायतों की ग्राम पंचायतवार वृहद समीक्षा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक निर्देश दिए हैं। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यालय अधिकारी श्री कोरी ने समीक्षा बैठक में सभी ग्राम पंचायतों के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, सहायक यंत्री , उपयंत्री, खंड पंचायत अधिकारी, पंचायत समन्वय अधिकारी, सहायक विकास विस्तार अधिकारी एवं योजना शाखा प्रभारी को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में आवश्यक रूप से उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है।

### हांका टीम ने आवारा मवेशियों एवं श्वानों को पकड़ने की कार्यवाही

**कटनी।** नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने, सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को कम करने तथा नागरिकों को सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा विगत शाम 9 घुमंतू गाय-बैल एवं आवारा श्वानों को सुरक्षित पकड़कर निर्धारित स्थलों में भेजने की कार्यवाही की गई। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा गठित विशेष दल द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों एवं आवासीय क्षेत्रों मानसरोवर कॉलोनी, दुबे कॉलोनी वाजपेयी जी के घर के पास एवं झर्रा टिकुरिया राठौर होटल के पास भ्रमण कर सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों पर विचरण करने वाले 6 गाय, बैल को पकड़कर अमीरगंज कांजी हाउस तक सुरक्षित पहुंचाने की कार्यवाही की गई। वहीं आवारा श्वानों के संबंध में भी निर्धारित मानकों के अनुरूप 3 श्वानों को पकड़ने की कार्रवाई की गई, जिससे नागरिकों को होने वाली असुविधा एवं संभावित जोखिमों को कम किया जा सके।

### होटल द मंगलम पर गिरेगी गाज? जांच में सामने आया 6.5 फीट अवैध निर्माण

# संयुक्त टीम की जांच में बड़ा खुलासा, नहर और प्रतिबंधित क्षेत्र में मिला अतिक्रमण

**नौगांव। नगर के इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने स्थित होटल द मंगलम में कथित अतिक्रमण और अवैध निर्माण के मामले में गुरुवार को जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। वर्षों से नहर की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण और अवैध निर्माण की शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने के आरोपों के बीच पहली बार जल संसाधन विभाग, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने सीमांकन, नाप-तौल और निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया।**

जानकारी के अनुसार जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल को नहर की शासकीय पर अतिक्रमण कर पक्का निर्माण किए जाने तथा होटल द्वारा सरकारी भूमि का व्यावसायिक उपयोग किए जाने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत के आधार पर गठित टीम ने स्थल पर पहुंचकर अभिलेखों के आधार पर जांच की। जांच के दौरान जल संसाधन विभाग के उपयंत्री बी.के. अहिरवार ने बताया कि मऊसहानियां स्थित जगतसागर से आने वाली नहर की निर्धारित चौड़ाई केंद्र बिंदु से दोनों ओर 25-25 फीट यानी कुल 50 फीट है। विभागीय अभिलेखों और मौके के निरीक्षण में पाया गया कि होटल भवन का लगभग 6.5 फीट हिस्सा नहर की सीमा के भीतर तथा उसके ऊपर निर्मित है। अधिकारियों ने नहर पर बने निर्माण का मापन कर पंचनामे में दर्ज किया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार सार्वजनिक जल संरचना पर स्थायी निर्माण नियमों के विपरीत है और इससे भविष्य में जल निकासी एवं रखरखाव कार्य प्रभावित हो सकते हैं।



**पीडब्ल्यूडी की जांच में भी सामने आई अनियमितताएं -**

लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क सीमा का परीक्षण किए जाने पर भी कई अनियमितताएं सामने आईं। विभागीय मानकों के अनुसार सड़क के मध्य बिंदु से दोनों ओर 55-55 फीट क्षेत्र में स्थायी निर्माण प्रतिबंधित माना जाता है। जांच में होटल परिसर के भीतर लगभग 17.5 फीट तक बाउंड्रीवाल, पक्का फुटपाथ, चबूतरा और जनरेटर प्लेटफॉर्म जैसे निर्माण प्रतिबंधित क्षेत्र में पाए गए। अधिकारियों ने इन निर्माणों का भी मापन कर रिकॉर्ड तैयार किया है। प्रारंभिक जांच में इन्हें अतिक्रमण की श्रेणी में माना जा रहा है, हालांकि अंतिम निर्णय अभिलेखीय परीक्षण और विभागीय रिपोर्ट के आधार पर होगा।

**नहर में गंदा पानी छोड़े जा रहा -**

नगर पालिका की टीम ने होटल की स्वच्छता व्यवस्था और अपशिष्ट जल निकासी का निरीक्षण किया। जांच के दौरान अधिकारियों को मौके पर होटल से निकलने वाला गंदा पानी नहर में छोड़ता हुआ मिला, टीम ने पंचनामा में यह तथ्य प्रमाणित किया और लिखा भी।मामला केवल अतिक्रमण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पर्यावरण और स्वच्छता संबंधी नियमों के उल्लंघन का भी बन सकता है। नगर पालिका ने इस संबंध में अपनी टिप्पणियां रिपोर्ट में शामिल की हैं।

**वर्षों से नोटिस, फिर भी कार्रवाई नहीं -**

होटल द मंगलम का मामला इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि स्थानीय स्तर पर लंबे समय से आरोप लगाए जाते रहे हैं कि जल संसाधन विभाग द्वारा समय-समय पर नोटिस जारी किए जाने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि यदि शुरुआती स्तर पर ही निर्माण रोका जाता तो नहर और सड़क सीमा क्षेत्र में स्थायी निर्माण की स्थिति नहीं बनती। संयुक्त जांच के दौरान भी आसपास के लोगों में यही चर्चा रही कि वर्षों से जानकारी होने के बावजूद संबंधित विभागों ने सख्त कदम क्यों नहीं उठाए।

**रिपोर्ट के बाद हो सकती है कार्रवाई -**

संयुक्त टीम द्वारा तैयार पंचनामा और माप संबंधी दस्तावेज संबंधित विभागों को सौंपे जाएंगे। इसके बाद सभी विभाग अपनी-अपनी रिपोर्ट जिला कलेक्टर को प्रस्तुत करेंगे। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार रिपोर्ट के परीक्षण के बाद अवैध निर्माण, अतिक्रमण और अन्य अनियमितताओं के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जांच दल में जल संसाधन विभाग के उपयंत्री बी.के. अहिरवार, राजस्व विभाग के आरआई रामचरण अहिरवार, सदर पटवारी कमलेश गुप्ता, पीडब्ल्यूडी के मोहम्मद मंसूर, नगर पालिका सीएमओ आर.एस. अवस्थी, आरएसआई विश्वजीत सिंह चौहान, अखंड राय, बिहारी कुशवाहा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## शराब पार्टी के दौरान खूनी संघर्ष, लोहे की रॉड से हमला कर कर्मचारी की हत्या

**बमीठा। थाना क्षेत्र में केन-बेतवा लिंक परियोजना के तहत निर्माण कार्य कर रही कंपनी के कर्मचारियों के बीच हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। घटना में एक कर्मचारी की लोहे की रॉड से हमला कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा आरोपी की तलाश जारी है।**

जानकारी के अनुसार, केन-बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत ढोडन बांध के लिए सड़क निर्माण कार्य कर रही जीआरपीसी कंपनी, जबलपुर के कर्मचारी रनगुवां गांव स्थित बन्ने नदी पुल निर्माण स्थल पर कार्यरत थे। बुधवार देर रात लगभग 11 से 12 बजे के बीच कर्मचारियों के बीच शराब पीने के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि एक कर्मचारी ने अपने साथी विजय रावत (38) निवासी गोरखपुर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया।हमले में विजय रावत गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी कर्मचारियों द्वारा उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक कंपनी में एलएनटी मशीन ऑपरेटर के रूप में कार्यरत था। घटना की सूचना मिलते ही खजुराहो एसडीओपी मनमोहन बघेल, बमीठा थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे एवं पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला शराब के नशे में हुए आपसी विवाद का सामने आया है। आरोपी कर्मचारी घटना के बाद से फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया जाएगा।



**इनका कहना है -**

दोनों फरार आरोपियों को पन्ना से दबोचा गया है। बीती रात आपसी विवाद के दौरान आरोपी अशोक पाल और पूरन पाल ने लोहे के पाइप से हमला कर गोरखपुर निवासी साथी ऑपरेटर विजय रावत 38 वर्ष की हत्या कर दी थी और मौके से फरार हो गए थे।

**बाल्मीकि चौबे**
**थाना प्रभारी, बमीठा**

## राजेश अग्रवाल एमसीएक्स मौत मामले में फरार आरोपियों की तलाश जारी



**छतरपुर।** राजेश अग्रवाल मौत मामले में फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ओरछा रोड थाना पुलिस निरंतर प्रयास कर रही है। इस बीच राजेश अग्रवाल को एमसीएक्स के जाल में फंसाकर उसे कर्ज बोझ तले दबाने और आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले आरोपियों में सबसे शातिर मास्टरमाइंड शरद अग्रवाल की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कई टीमों का गठन किया है। पुलिस शरद अग्रवाल की छतरपुर, जबलपुर में स्थित प्रॉपर्टी की जानकारी भी जुटा रही है। सोशल मीडिया पर शरद अग्रवाल के 10 करोड़ रूपए से अधिक के ऑलीशान बंगले के वीडियो भी वायरल हो रहे हैं। कहा जा रहा है कि यह अकूत कमाई शरद अग्रवाल ने एमसीएक्स का डिब्बा चलाकर गैरकानूनी तरीके से अर्जित की है। पुलिस इस एंगल पर भी जांच कर रही है। ओरछा रोड थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि एमसीएक्स राजेश अग्रवाल मौत मामले में अब तक एक आरोपी रोहित पटैरिया को गिरफ्तार किया गया है। शेष आरोपी शरद अग्रवाल, सुरेश नगरिया, कल्लू कलई, अनवर खान, मोनू अग्रवाल की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं इन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 9 साल पुराने धोखाधड़ी मामले का 5 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिलेभर में चलाए जा रहे न्याय पथ अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। वर्ष 2017 के एक धोखाधड़ी प्रकरण में पिछले 9 वर्षों से फरार चल रहे 5000 के इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली क्षेत्र में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में आरोपी अर्जुन सिंह पिता जगपाल सिंह परमार निवासी ग्राम विक्रमपुर थाना राजनगर लंबे समय से फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी पर 5000 का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस टीम द्वारा लगातार की जा रही तलाश के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।गौरतलब है कि आरोपी को पूर्व में अप्रैल माह में भी एक अन्य धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार कर न्यायालय में



पेश किया गया था। वर्तमान प्रकरण में भी विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।इस कार्रवाई में नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश सिंह, उप निरीक्षक कुलदीप सिंह जादौन, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र सिंह सेंगर, दाताराम, आरक्षक नित्य प्रकाश, हेमंत, भागचंद एवं पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही। छतरपुर पुलिस द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी तथा वर्षों से लंबित मामलों के निराकरण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

## अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती पर पाल समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा, झांकियों ने मोहा मन



**ईशानगर।** लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को राष्ट्रीय समाज पार्टी एवं मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर पाल समाज सेवा समिति के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में पाल समाज के बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा की शुरुआत गोपेश्वर शिव मंदिर से हुई, जो पड़ाव चौराहा एवं महावीरन तालाब मार्ग से होते हुए पुनः गोपेश्वर शिव मंदिर स्थित महारानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा प्रांगण पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान छोटी बच्चियों ने महारानी अहिल्याबाई होल्कर की वेशभूषा धारण कर घोड़े पर सवार होकर हाथों में तलवार लिए आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति दी, जिसने लोगों का मन मोह लिया। यात्रा मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों द्वारा शरबत एवं मीठे पानी की व्यवस्था कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सामूहिक भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं समाजजनों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## अनुसंधान अधिकारियों को मिले आधुनिक टैबलेट, डिजिटल साक्ष्यों के संकलन और विवेचना कार्य में आएगी तेजी, बढ़ेगी पारदर्शिता

**छतरपुर।** पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को आधुनिक, प्रभावी एवं तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो द्वारा आधुनिक तकनीकी सुविधाओं से युक्त टैबलेट प्रदेश के सभी जिलों में पदस्थ अनुसंधानकर्ता अधिकारियों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे अनुसंधान कार्यों में गति, पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।



छतरपुर जिले को कुल 421 टैबलेट प्राप्त हुए हैं, जिन्हें जिले के सभी थानों में पदस्थ अनुसंधान अधिकारियों को वितरित किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले ने जिले के विभिन्न थानों के अनुसंधान अधिकारियों को टैबलेट प्रदान किए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री सकलेचा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इन आधुनिक उपकरणों का प्रभावी उपयोग करते हुए डिजिटल एवं अन्य प्रकार के साक्ष्यों का सुरक्षित संकलन एवं संरक्षण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ई-विवेचना एप के माध्यम से अनुसंधान कार्यों को अधिक पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी बनाया जा सकता है, जिससे अपराधों की विवेचना में गुणवत्ता और जवाबदेही बढ़ेगी। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को ऑनलाइन अनुसंधान, केस डायरी संधारण, डिजिटल साक्ष्यों के संरक्षण, साइबर अपराधों की विवेचना संबंधी तकनीकों तथा अन्य तकनीकी संसाधनों के उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी भी दी गई। अधिकारियों को बताया गया कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से अनुसंधान कार्यों में समय की बचत होने के साथ-साथ साक्ष्यों के बेहतर प्रबंधन में भी सहायता मिलेगी।

इस अवसर पर थाना यातायात प्रभारी निरीक्षक बृहस्पति साकेत, सीसीटीएनएस प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अन्नू तिवारी सहित जिले के विभिन्न थानों के अनुसंधानकर्ता अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस विभाग की इस पहल को हाईटेक पुलिसिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे आमजन को बेहतर और त्वरित पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर ब्रह्माकुमारीज का संदेश: एक अवसर-एक पौधा लगाकर बचाएं प्रकृति



**लवकुशनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, लवकुश नगर उप सेवा केंद्र द्वारा पर्यावरण जागरूकता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी उपस्थितजनों ने 'एक अवसर-एक पौधा लगाने का संकल्प लिया।सेवा केंद्र प्रभारी बीके सुलेखा बहन ने कहा कि मानव और प्रकृति का संबंध अत्यंत गहरा एवं पवित्र है। जब मनुष्य प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर चलता है, तभी जीवन में सुख, शांति और स्वास्थ्य बना रहता है। उन्होंने कहा कि बढ़ता प्रदूषण, जल संकट, अत्यधिक गर्मी और प्राकृतिक आपदाएं इस बात का संकेत हैं कि अब केवल चर्चा नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।उन्होंने सभी लोगों से अपने जीवन के विशेष अवसरों जैसे जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, सफलता अथवा अन्य शुभ अवसरों पर कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति यह संकल्प ले ले, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और हरित वातावरण प्रदान किया जा सकता है। बीके सुलेखा बहन ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियां स्पष्ट रूप से बता रही हैं कि यदि मानव प्रकृति के प्रति सजग नहीं हुआ, तो भविष्य में जल संकट, प्रदूषण और प्राकृतिक आपदाएं और भी गंभीर रूप ले सकती हैं। इसलिए केवल वृक्षारोपण ही नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी और संवेदनशीलता विकसित करना भी आवश्यक है।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने पटवारी को किया निलंबित

मऊगंज। जिले में एसडीएम नईगढ़ी एपी द्विवेदी ने पटवारी श्री बृजभान साकेत हल्का बैजला-डूडा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। सीमांकन में लापरवाही बरतने तथा मुख्यालय से बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर यह कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के तहत की गई है। निलंबन अवधि में श्री साकेत का मुख्यालय तहसील नईगढ़ी रहेगा। श्री साकेत को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।लापरवाह ग्राम पंचायत सचिव निलंबित जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने जनपद पंचायत मऊगंज की ग्राम पंचायत डगडौवा नम्बर एक की ग्राम पंचायत सचिव श्रीमती ऊषा चतुर्वेदी को निलंबित करने के आदेश दिए हैं। निलंबन अवधि में श्रीमती चतुर्वेदी का मुख्यालय जनपद कार्यालय मऊगंज रहेगा। इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। जारी आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत का आडिट न कराने, ग्राम पंचायत कार्यालय में उपस्थित न रहने तथा अपने पुत्र के माध्यम से सचिवीय कार्य संपादित कराने के आरोपों को प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई की गई है।

### चक्कर आने से सिलपरा नहर में गिरी महिला को एसडीआरएफ ने बचाया, सीपीआर देकर लौटाई सांसें

रीवा। शहर से सटे सिलपरा नहर क्षेत्र में गुरुवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। नहर में लापता सेना के जवान की तलाश में सर्च ऑपरेशन चला रही एसडीआरएफ टीम ने तत्परता दिखाते हुए नहर में डूब रही एक वृद्ध महिला की जान बचा ली। महिला को बाहर निकालने के बाद जवानों ने तत्काल सीपीआर देकर उसकी सांसें बहाल कीं, जिसके बाद उसे सुरक्षित उपचार के लिए भेजा गया।जानकारी के अनुसार, 65 वर्षीय पार्वती चतुर्वेदी निवासी ग्राम भटलो चिरहुला कॉलोनी से अपने गांव लौट रही थीं। इसी दौरान सिलपरा नहर के समीप से गुजरते समय उन्हें अचानक चक्कर आ गया और संतुलन बिगड़ने से वह सीधे नहर में जा गिरीं। नहर में पानी का बहाव तेज होने के कारण महिला कुछ ही क्षणों में गहरे पानी में डूबने लगी, जिससे मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला को नहर में गिरता देख वहां मौजूद एसडीआरएफ टीम तुरंत सक्रिय हो गई। टीम के जवान हरिओम मिश्रा ने बिना समय गंवाए नहर में छलांग लगा दी और संघर्ष करते हुए महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बाहर निकालने के बाद महिला की हालत गंभीर थी और वह अचेत अवस्था में थी। ऐसे में जवानों ने प्राथमिक उपचार के तहत तत्काल सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) देना शुरू किया। कुछ देर के प्रयास के बाद महिला की सांसें सामान्य हुईं और उसकी जान बच गई। बताया गया है कि एसडीआरएफ की टीम पिछले एक दिन से सिलपरा नहर क्षेत्र में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। दरअसल, एक दिन पूर्व इसी क्षेत्र में नहाने के दौरान सेना का एक जवान गहरे पानी में डूबकर लापता हो गया था, जिसकी तलाश के लिए एसडीआरएफ के जवान नहर और आसपास के क्षेत्रों में अभियान चला रहे हैं। इसी दौरान यह घटना सामने आई।

### बाईपास ब्रिज के सुधार का कार्य पूरा, 5 जून से आवागमन के लिए खुलेगा



रीवा। रीवा बायपास में स्थित पुराने बीहर नदी के ब्रिज का सुधार कार्य पूरा हो गया है। इसमें वाहनों का आवागमन 5 जून को सुबह 6 बजे से आरंभ हो जाएगा। इस संबंध में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के प्रभारी संभागीय प्रबंधक अंशुल करोड़िया ने बताया कि पुल में बेयरिंग लगाने तथा सुधार के सभी कार्य पूरे हो गए हैं। विशेषज्ञों की निगरानी में इसके टेस्टिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। पुल में 5 जून को सुबह 6 बजे से नियंत्रित तरीके से वाहनों की आवाजाही शुरू होगी। पुल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अभी इससे वाहन अधिकतम 20 किलोमीटर की गति से निकलेंगे। ब्रिज से वाहनों के आवागमन के शुरू हो जाने से शहर में वाहनों का दबाव घटेगा। अब भारी वाहनों को शहर में प्रवेश करने की आवश्यकता नहीं है। जिन वाहनों को रीवा शहर में प्रवेश की आवश्यकता नहीं वे बाईपास मार्ग का उपयोग करके प्रयागराज, बनारस, मिर्जापुर, सीधी, शहडोल की ओर जा सकते हैं। बाईपास मार्ग के शुरू हो जाने से शहर की यातायात व्यवस्था भी बेहतर होगी।

# संभाग के सभी जिलों में 12 से 18 जून तक लगेंगे जन कल्याण शिविर, संभाग में 5 जून से 21 जून तक चलेंगे विशेष अभियान

रीवा। रीवा संभाग के सभी जिलों में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से 21 जून विश्व योग दिवस तक विशेष अभियान चलाए जाएंगे। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा है कि सभी कलेक्टर्स शासन के निर्देशों के अनुसार निर्धारित तिथियों में विशेष अभियानों का आयोजन कराएं। प्रत्येक जिले में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष आयोजन करके एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधे रोपित कराएं। पौधेरोपण के दौरान मुख्य रूप से पीपल, आम, बरगद, नीम आदि के पौधों का रोपण होगा। सभी ग्राम पंचायतों में 5 जून को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन करके पौधारोपण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित कराएं। इसके साथ-साथ जलस्रोतों की सफाई, कार्यालय भवन तथा परिसरों की साफ-सफाई एवं प्लास्टिक कचरे के निपटान के लिए भी विशेष प्रयास करें। कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में 12 जून से 18 जून तक विकासखण्ड मुख्यालयों तथा नगरीय निकाय के मुख्यालयों में जनकल्याण शिविर आयोजित करें। प्रत्येक शिविर तीन दिवसीय होगा। इन शिविरों में शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का विभागवार पंजीयन किया जाएगा। शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, वय वंदना योजना, पीएम सूर्यघर योजना, पीएम स्वनिधि योजना, लखपति दीदी योजना, व्हीबी जीरामजी योजना के छूटे हुए हितग्राहियों का पंजीयन किया जाएगा। इन शिविरों में एसडीएम तथा खण्ड स्तरीय अधिकारी सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम में लंबित प्रकरणों का निराकरण करेंगे। इन शिविरों के आयोजन के लिए विकासखण्ड स्तर पर जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नगरीय निकायों में मुख्य नगरपालिका अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे। सभी एसडीएम शिविरों के आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें तथा शिविरों की मानीटरिंग करें। कमिश्नर ने कहा है कि 19 एवं 20 जून को प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इन कार्यशालाओं में कृषि, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक तथा कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक किसानों को प्राकृतिक खेती के



संबंध में जानकारी देंगे। इसके आयोजन के लिए कृषि विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। इसी तरह जिले भर में 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाएगा। विश्व योग दिवस पर सभी शासकीय और अशासकीय शिक्षण संस्थाओं तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सुबह 7 बजे से सामूहिक योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए आयुष विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा एवं जनजातीय कार्य विभाग सहयोगी विभाग के रूप में भूमिका निभाएंगे। सभी अधिकारी शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप इन शिविरों के आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। सामूहिक योगाभ्यास में जनप्रतिनिधियों, खिलाड़ियों, गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा आमजनों की भागीदारी सुनिश्चित करें।

# सीमेंट फैक्ट्री के नाले में डूबने से 11 वर्षीय बालिका की मौत, शौच के लिए घर से निकली थी बच्ची

रीवा। जिले के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मधेपुर में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में 11 वर्षीय बालिका की मौत हो गई। बालिका घर से शौच के लिए निकली थी, तभी सीमेंट फैक्ट्री से निकलने वाले नाले के समीप उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरी। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मधेपुर निवासी 11 वर्षीय शीतल सिंह बुधवार दोपहर अपने घर के समीप स्थित क्षेत्र में नित्य क्रिया के लिए गई थी। इसी दौरान वह सीमेंट फैक्ट्री से निकलकर नदी में मिलने वाले नाले के किनारे पहुंच गई। बताया जा रहा है कि नाले के पास की जमीन फिसलन भरी होने के कारण उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे पानी में जा गिरी। घटना के समय आसपास मौजूद लोगों को इसकी जानकारी मिलने पर तत्काल बचाव का प्रयास किया गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बालिका को नाले से बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही चोरहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने गुरुवार को पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस द्वारा परिजनों तथा प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सीमेंट फैक्ट्री से निकलने वाला यह नाला कई स्थानों पर गहरा एवं खतरनाक है। सुरक्षा व्यवस्था और चेतावनी संकेतों के अभाव में यहां पूर्व में भी दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से नाले के आसपास सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने तथा दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

## अमहिया पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 8000 का इनामी चाकू से गोदकर हत्या के प्रयास के आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल, घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद



रीवा। पुलिस अधीक्षक रीवा गुरकरन सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देशन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक डा. रितु उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमहिया उनि शिवा अग्रवाल ने थाना स्टाफ के साथ मिलकर हत्या के प्रयास के आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल ।आरोपी पर था 8000 का इनाम पूर्व में तीन साथी इसी मामले हैं जेल में । दिनांक 11/06/25 को फरियादी सत्यम साहू पिता रामप्रसाद साहू निवासी पांडे टोला रीवा के द्वारा थाना अमहिया जिला रीवा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि पुरानी रंजिश को लेकर अभिनव अग्निहोत्री उर्फ आलोन उर्फ ज्ञानू ने अपने साथी राज निषाद उर्फ राज मल्लावा तथा दो अन्य साथियों के साथ मिलकर शिल्पी प्लाजा के सामने उपभोक्ता भंडार के पास मुझे पकड़कर जान से मारने की नियत से मेरे गले एवम सीने में चाकू से कई वार कर मारपीट कर चोट पहुंचाया है मामले के अन्य तीन आरोपी पूर्व मे गिरफ्तार हो चुके है। मामले का फरार आरोपी शिवम गुप्ता उर्फ शिब्बू पिता प्रहलाद कुमार गुप्ता उम्र 22 साल निवासी मुकुन्दपुर थाना ताला जिला मैहर हाल निपनिया वार्ड क्र.01 थाना सिटी कोतवाली जिला रीवा को गिरफ्तार कर पेश न्यायालय किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे उनि शिवा अग्रवाल, प्र आर. केमला प्रजापति, आर. विकाश तिवारी, आर. शंकरदत्त, आर. कौशलेंद्र सिंह, की सराहनीय भूमिका रही।

## पीएम रिपोर्ट में जहर की हुई पुष्टि, सरपंच पति की मौत मामले में परिजनों ने उठाए सवाल,ग्राम पंचायत सचिव सहित अन्य पर साजिश रचने की आशंका, एसपी से लगाई न्याय की गुहार

रीवा।

शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मड़वा के सरपंच पति ताज मोहम्मद की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। घटना के लगभग 15 दिन बाद मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में विषाक्त पदार्थ (प्वाइजन) से मौत होने की पुष्टि का दावा करते हुए इसे सुनियोजित हत्या बताया है। परिजन गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। मृतक की पुत्री ने आरोप लगाया कि दो महिलाओं ने योजनाबद्ध तरीके से उनके पिता को धोखे से विषाक्त पदार्थ देकर मौत के घाट उतार दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने गांव के ही कुछ अन्य लोगों पर भी इस कथित हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है।घटना के दिन लगातार आ रहे थे फोनपरिजनों के अनुसार 21 मई को ताज मोहम्मद के मोबाइल फोन पर दो महिलाओं के लगातार कॉल आ रहे थे। बताया गया कि उन्हीं महिलाओं के बुलाने पर वह घर से बाहर गए थे। परिजनों का आरोप है कि घर से निकलने के कुछ घंटों बाद उन्हीं महिलाओं द्वारा फोन कर ताज मोहम्मद की मौत की सूचना दी गई। इस घटनाक्रम के बाद से ही परिवार हत्या की आशंका जता रहा था। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि इस पूरे मामले में केवल महिलाएं ही नहीं बल्कि ग्राम पंचायत के सचिव सहित गांव के दो अन्य लोगों की भी भूमिका संदिग्ध है। उनका कहना है कि पूरे घटनाक्रम की गहन जांच की जाए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि मौत के पीछे किन-किन लोगों की संलिप्तता रही है।पहले दिन से जताया जा रहा था संदेहउल्लेखनीय है कि 21 मई को ताज मोहम्मद की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। घटना के बाद बिछिया थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी थी। परिजनों द्वारा लगातार जहर देकर हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की जा रही थी, जिसके चलते पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही थी।बअब परिजनों का दावा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चिकित्सकों ने विषाक्त पदार्थ से मौत होने की पुष्टि की है। हालांकि पुलिस की ओर से आधिकारिक रूप से रिपोर्ट के निष्कर्षों की सार्वजनिक पुष्टि नहीं की गई है। इसके बावजूद परिजन रिपोर्ट के आधार पर हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। मामले को लेकर मृतक के परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की है।

## पुलिस ने जमीन खोदकर निकाली नशीली कफ सिरप की खेप

# 210 शीशियां जब्त, सिविल लाइन पुलिस ने कबाड़ी मोहल्ले में की कार्रवाई

रीवा।

जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिविल लाइन थाना पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने शहर के कबाड़ी मोहल्ला क्षेत्र में दबिश देकर जमीन के भीतर छिपाकर रखी गई नशीली कफ सिरप की खेप बरामद की है। कार्रवाई के दौरान एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया, जिसकी निशानदेही पर जमीन खोदकर कुल 210 शीशी नशीली कफ सिरप जब्त की गई। बता दे आरोपी ने नशीली कफ सिरप की खेप को पुलिस की नजरों से बचाने के लिए जमीन के भीतर गड्ढा खोदकर छिपाया गया था। सिविल लाइन थाना पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि कबाड़ी मोहल्ला क्षेत्र में एक युवक द्वारा बड़ी मात्रा में नशीली कफ सिरप छिपाकर रखी गई है और उसकी बिक्री की जा रही है।



सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी विजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई और संदिग्ध की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने संदेह के आधार पर एक युवक को पकड़ा, जो पूछताछ के दौरान नाबालिग निकला। प्रारंभिक पूछताछ में वह पुलिस को गुमराह करता रहा, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उसने नशीली कफ सिरप छिपाकर रखने की बात स्वीकार कर ली। नाबालिग की निशानदेही पर पुलिस टीम उसे लेकर बताए गए स्थान पर पहुंची। वहां जमीन खोदने पर प्लास्टिक और अन्य सामग्री में पैक कर रखी गई नशीली कफ सिरप की 210 शीशियां बरामद हुईं। पुलिस ने मौके पर ही पूरी खेप जब्त कर ली और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी की। सिविल लाइन थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि बरामद नशीली कफ सिरप के संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। चूंकि मामले में एक बाल अपचारी शामिल पाया गया है, इसलिए किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत भी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।उन्होंने बताया कि पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि नाबालिग तक इतनी बड़ी मात्रा में नशीली कफ सिरप कैसे पहुंची और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस सप्लाई चेन, तस्करी नेटवर्क तथा कारोबार से जुड़े अन्य संदिग्धों की जानकारी जुटा रही है।

# छात्रावास अधीक्षक छात्रावासों की व्यवस्था और माहौल बेहतर करें - उपायुक्त ट्राईबल

रीवा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित संयुक्त बैठक में उपायुक्त ट्राईबल जेपी यादव ने छात्रावास अधीक्षकों को कड़े निर्देश जारी दिए। जनजातीय कार्य, अनुसूचित जाति विकास तथा शिक्षा विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों के अधीक्षकों की इस संयुक्त बैठक में कहा कि सभी अधीक्षक पूर्ण समय मुख्यालय पर अनिवार्य रूप से मौजूद रहें और छात्रावासों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ व बेहतर बनाना सुनिश्चित करें। बच्चों के आवास के कमरों में पर्याप्त रोशनी और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करें। साथ ही शौचालय एवं बाथरूम में पानी की आपूर्ति की व्यवस्था करें। छात्रावासों में सभी सुरक्षा इंतजाम पुख्ता किए जाएं और परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे हर हाल में चालू हालत में हों। बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर बच्चों को उनके पालकों और सगे भाई-बहनों के अलावा किसी भी अन्य व्यक्ति के साथ न छोड़ा जाए, तथा बच्चों को लाने-ले जाने वाले लोगों का पूरा रिकॉर्ड रजिस्टर में संधारित रखा जाए। छात्रावास भवन, परिसर तथा विद्यार्थियों की व्यक्तिगत साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए हर महीने बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराएं।



होने पर फलदार पौधे रोपित कराएं। पर्याप्त स्थान होने पर छात्रावास परिसर में किचन गार्डन विकसित कराएं। बैठक में संयुक्त संचालक शिक्षा नीरव दीक्षित ने कहा कि सभी अधीक्षक बच्चों के साथ पालकों जैसा मानवीय व्यवहार

यदि कोई बच्चा बीमार होता है, तो उसे तत्काल डॉक्टर को दिखाकर समुचित उपचार कराएं। उपायुक्त ने आगामी शैक्षणिक सत्र के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि छात्रावासों की सीटें शत-प्रतिशत भरें। इसके लिए क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार करें। विद्यार्थियों तथा उनके पालकों से सीधा संपर्क कर उन्हें छात्रावास में प्रवेश के लिए प्रेरित करें। छात्रावासों को साफ-सुथरा और आकर्षक बनाएं। छात्रावासों के लिए सामग्री खरीदी में शासन के भण्डार क्रय नियमों का कड़ाई से पालन करें। सभी स्कूलों और छात्रावास परिसरों में पर्याप्त वर्षा

रखें। छात्रावास भवनों की मरम्मत तथा साफ-सफाई करा लें। सभी छात्रावासों में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करें। सभी अधीक्षक छात्रावास में विद्यार्थियों के पठन-पाठन पर भी निगरानी रखें। छात्रावास में समय-समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित कराएं। बैठक में जिला संयोजक जनजातीय कार्य केके पाण्डेय, जिला परियोजना समन्वयक राजेश कुमार तिवारी और क्षेत्र संयोजक रुचि तिवारी सहित तीनों विभागों के छात्रावास अधीक्षक उपस्थित रहे।

## पूर्वा फॉल में 5 युवकों ने 2 युवकों को घेरकर पीटा, मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया वायरल, पुलिस ने शुरू की जांच

रीवा। जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पूर्वा फॉल में युवकों के दो गुटों के बीच हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में पांच युवक दो युवकों को घेरकर बेरहमी से मारपीट करते नजर आ रहे हैं। घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार सुबह दोनों पक्ष पूर्वा फॉल घूमने पहुंचे थे। इसी दौरान उनका आमना-सामना हो गया। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच पहले से किसी बात को लेकर रंजिश चली आ रही थी।मुलाकात के बाद पहले कहासुनी और गाली-गलौज हुई, लेकिन कुछ ही देर में विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि एक पक्ष के पांच युवकों ने दो युवकों को घेर लिया और उनके साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान एक युवक को जमीन पर पटक दिया गया। आरोपी उसे घसीटते हुए लात-घूंसों से पीटते नजर आ रहे हैं। मारपीट के दौरान मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बता दे घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन आरोपी युवक नहीं माने। कुछ देर तक पर्यटक स्थल पर हंगामे की स्थिति बनी रही। इसी बीच



किसी ने पूरी घटना का वीडियो मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि वीडियो में दिखाई दे रहे युवकों की पहचान की जा रही है। पहचान होने के बाद संबंधित आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।पुरानी रंजिश बताई जा रही वजहबताया जा रहा है कि दोनों पक्ष एक-दूसरे को पहले से जानते हैं और उनके बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। प्रारंभिक तौर पर मारपीट की वजह पुरानी रंजिश सामने आ रही है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

## जर्जर विक्रम पुल: बीच सड़क बने गहरे गड्ढे से हादसे की आशंका, सरिया उखड़े

# राहगीरों में दहशत, प्रशासन से तुरंत मरम्मत और बैरिकेडिंग की मांग

रीवा। बीहर नदी पर स्थित शहर का प्रमुख विक्रम पुल इन दिनों अपनी बदहाल स्थिति के कारण सुर्खियों में है। पुल के मध्य हिस्से में सड़क बुरी तरह धंस गई है, जिससे बड़ा और गहरा गड्ढा बन गया है। डामर व कंक्रीट टूटने से अंदर के लोहे के सरिए साफ दिखाई दे रहे हैं और बाहर निकल आए हैं। गड्ढे के आसपास का हिस्सा भी दरक गया है, जिससे पूरी सड़क पर चौड़ी दरारें फैल गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ तो कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है।



### चौबीसों घंटे रहता है वाहनों का दबाव

विक्रम पुल शहर का व्यस्ततम मार्ग है। मुकुंदपुर रोड को जोड़ने वाला यह पुल जयस्तंभ चौक, व्यंकट मार्ग, घोघर, पुष्पराज नगर, निपनिया और एजी कॉलेज जैसे प्रमुख इलाकों को जोड़ता है। रोजाना हजारों छोटे-बड़े वाहन, सिटी बसें और पैदल यात्री यहां से गुजरते हैं। बायपास पुल खराब होने के बाद से भारी वाहनों का लोड भी इसी पुल पर आ गया है। खासकर रात 8 बजे के बाद ट्रक और डंपर भी इसी रास्ते से निकलते हैं, जिससे पुल पर खतरा कई गुना बढ़ गया है।

### पहले भी हो चुके हैं पैचवर्क, नहीं मिला स्थायी समाधान

स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि पिछले एक साल में इस जगह 3-4 बार पैचवर्क हो चुका है। हर बार खानापूर्ति कर गड्ढा भर दिया जाता है, लेकिन 15-20 दिन में फिर से वही हाल हो जाता है। बारिश के कारण स्थिति और खराब हो गई है। रात के अंधेरे में दुपहिया चालकों के लिए यह गड्ढा जानलेवा साबित हो सकता है। कई बार बाइक सवार गिरते-गिरते बचे हैं।

### जनता की 3 प्रमुख मांगें

1. **तत्काल सुरक्षा:** हादसे रोकने के लिए गड्ढे के चारों ओर मजबूत बैरिकेड्स और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं।
2. **तकनीकी जांच:** PWD के इंजीनियरों से पुल की भार क्षमता और मजबूती की जांच कराकर स्थायी मरम्मत की जाए।
3. **भारी वाहन प्रतिबंधित हों:** पुल के कमजोर हिस्से को देखते हुए भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद किया जाए। साथ ही पुल पर अवैध रूप से खड़ी होने वाली बसों पर चालानी कार्रवाई हो।

नगर निगम और PWD के अधिकारियों का कहना है कि मामले की जानकारी मिली है। जल्द ही टीम भेजकर निरीक्षण कराया जाएगा और मरम्मत कार्य शुरू होगा।

## नेहरू नगर में नाली खुदाई के दौरान जेसीबी से क्षतिग्रस्त, तीनों नल कनेक्शनों की घर जल आपूर्ति सुनिश्चित हो: डॉ श्रद्धा सिंह कमिश्नर अक्षत जैन की विशेष पहल पर जुड़वाए गए नल कनेक्शनों का पानी घरों तक पहुंचे

रीवा। नेहरू नगर वार्ड नंबर 13 में नगर पालिका निगम रीवा के ठेकेदार के द्वारा जेसीबी से कराई गई नाली की खुदाई के चलते 27 मई को सीनियर एमआईजी कॉलोनी के नल उपभोक्ताओं की पाइप लाइन के बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए तीनों कनेक्शन को नए सिरे से मुख्य पाइप लाइन से जोड़ने का काम शाम को पूरा तो हो गया लेकिन प्रभावित घरों की पाइप लाइन से उसे नहीं जोड़ने से 4 जून की शाम को भी जल आपूर्ति संभव नहीं हो पाई।नारी चेतना मंच की वरिष्ठ नेत्री डॉ श्रद्धा सिंह एडवोकेट ने कहा कि नेहरू नगर वार्ड नंबर 13 में सीनियर एमआईजी 2/1/ 715 , 2/1/716 एवं 2/1/717 स्थित तीनो नल कनेक्शनों के जरिए 27 मई 2026 की सुबह 6 बजे सुचारू रूप जल आपूर्ति हो रही थी लेकिन उसी दिन दोपहर में नगर निगम के ठेकेदार के द्वारा जेसीबी से नाली खुदाई के दौरान बरती गई लापरवाही से संबंधित घरों के नल कनेक्शन मुख्य पाइपलाइन से लेकर आगे तक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। उनमें से एक कनेक्शन की पाइपलाइन का दूसरा छोर अभी तक पता नहीं चल पाया है। डॉ श्रद्धा सिंह ने मांग की है कि तीनों नल कनेक्शनों की जल आपूर्ति पहले जैसे कराते समय क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को पूरी तरह दुरुस्त कराने के बाद ही उसे जोड़ने का काम करवाया जाए ताकि निकट भविष्य में कहीं भी जल रिसाव की समस्या का उपभोक्ताओं को सामना नहीं करना पड़े।वरिष्ठ नेत्री डॉ श्रद्धा सिंह ने बताया कि नगर पालिका निगम रीवा के नवागत कमिश्नर अक्षत जैन आईएएस के द्वारा संबंधित घरेलू जल आपूर्ति मामले को त्वरित संज्ञान में लेने से क्षतिग्रस्त हुए तीनों नल पाइपलाइन कनेक्शन को बदलकर मुख्य पाइप लाइन से नए सिरे से जोड़ दिया गया है। एक हफ्ते से भी अधिक समय से जल आपूर्ति नहीं हो पाना काफी गंभीर सवाल है। शहर में नल जल



आपूर्ति ही लोगों के लिए अत्यंत जरूरी साधन है। जल ही जीवन है। नगर निगम पालिक निगम रीवा के द्वारा शहर के विभिन्न भागों में निशुल्क जल आपूर्ति केंद्र बनाए हैं। ऐसी स्थिति में जल आपूर्ति की नागरिक सुविधा किसी भी हालत में बाधित नहीं होना चाहिए। नेहरू नगर स्थित सुधार न्यास आवासीय घरों के लिए गई नल पाइपलाइन अतिक्रमण किए गए चबूतरे के नीचे दबी हुई है। उसे चबूतरे को तोड़े बिना पाइप लाइन का कनेक्शन खोजना बहुत मुश्किल है। यह काम प्रशासनिक स्तर पर ही कराया जा सकता है । उन्होंने आयुक्त नगर निगम से अपेक्षा की है कि तीनों नल कनेक्शन को शीघ्र से शीघ्र जुड़वाने के लिए संबंधित चबूतरे के अतिक्रमण को हटाकर दबी पाइप लाइन को बाहर निकाला जाना बहुत जरूरी है।

## दिव्यांगों के लिए आज मानस भवन में आयोजित होगा रोजगार मेला

रीवा। युवा संगम कार्यक्रम के तहत दिव्यांगजनों के लिए मानस भवन रीवा में 5 जून को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। रोजगार मेले में दिव्यांगों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। रोजगार मेले में 5 कंपनियों द्वारा दिव्यांगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में दिव्यांगों के लिए की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 12 हजार रुपए से 15 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। दिव्यांगों को अपने साथ समग्र आईडी, मूल अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। रोजगार मेले में श्रवण बाधित, चलन, बौनापन, स्वलीनता तथा बौद्धिक श्रेणी के दिव्यांग शामिल हो सकते हैं। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में यूनो मिडा लिमिटेड, टाटा ऑटो क्राफ्ट प्रा. लिमिटेड, विकास ग्रुप फरिदाबाद, गोदरेज कांज्यूमर प्रोडेक्टस लि. तथा मैरिको लिमिटेड की कंपनियां शामिल होंगी।